फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 76 प्रभात जयपुर, सोमवार 16 अक्टूबर, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



ITS SECURITY FAILURE HAS ROOTS IN ISRAEL'S INTERNAL UNREST

Belief was that Hamas was focused on a long-term cease-fire in which 20,000 Palestinian workers were going into Israel every day from Gaza

Glam It Up!

9 Days, 9 Looks With The Best Navratri Outfit Ideas



*फिलिपीन्स में हॉर्नबिल पक्षी पहले से ही आवास विनाश, वन भूमि रुपान्तरण से जूझ रहे हैं। अब अवैध ऑनलाइन व्यापार के कारण जंगल में इनकी आबादी और कम होने लगी है। हाल में प्रकाशित एक शोध के अनुसार इन पक्षियों की संख्या में कमी का असर फलदार वृक्षों पर भी पड़ेगा। वाइल्डलाइफ मॉनिटरिंग ग्रुप ''ट्रैफिक'' ने 2018 से 2022 के बीच ऑनलाइन सर्वे किया था, जिससे पता चला कि, ये पक्षी फेसबुक पर बेचे जा रहे हैं, जबकि सोशल नैटवर्क की पालिसी में जीवित जनवरों का व्यापार निषिद्ध है और फिलिपीन्स कानून में भी वन्यजीवों को अवैध रुप से घर में रखने या बेचने पर रोक है। रिपोर्ट में पाया गया कि, 5 साल के निगरानी काल में 143 हॉर्नबिल बिकने के लिए आए थे। इनकी कीमत 26 से 825 डॉलर के बीच थी। शोध बताता है कि, ऑनलाइन बेचे गए अधिकांश हॉर्नबिल, चित्र में नज़र आ रहे ''लूज़ॉन टरीटिक'' हॉर्नबिल थे, जिन्हें फिलिपीन्स के वल्नरेबल वर्ग में रखा गया है। गंभीर रुप से संकटग्रस्त लूज़ॉन टरीटिक हॉर्नबिल के अलावा एक पापुअन हॉर्नबिल भी था जो शायद पड़ौसी देश से तस्करी कर लाया गया था। एशिया में हॉर्नबिल की 32 प्रजातियों की पहचान हुई है, इनमें से 11 फिलिपीन्स में मिलती हैं। शोधकर्ताओं ने कहा कि, कोविड के दौरान शिकारियों व ऑनलाइन ट्रेडर्स की चेन टूट गई थी, लेकिन 2021 के बाद से इनकी सक्रियता फिर बढ़ गई है। वर्ष 2021-2022 में फेसबुक ने 1800 से ज्यादा फिलिपीन्स वाइल्डलाइफ ट्रेड ग्रुप्स को बंद कर दिया था तो इन ट्रेडर्स ने नए तरीके निकाल लिए। अब वो निगरानी से बचने के लिए सैम्पलिंग बदल देते हैं और कोड वर्ड्स का इस्तेमाल करते हैं। ट्रैफिक के अध्ययन से पता चला है कि, फिलिपीन्स में मिलने वाली आधी से ज्यादा हॉर्नबिल प्रजातियां ऑनलाइन उपलब्ध हैं। जून-जुलाई में व्यापार चरम पर होता है। हॉर्नबिल को, बीजों के प्रकीर्णन में इनकी भूमिका के कारण, ''फार्मर्स ऑफ द फॉरेस्ट'' भी कहते हैं। अपने बड़े आकार के कारण हॉर्नबिल फलदार वृक्षों के बड़े व भारी बीजों को फैलाने में सक्षम होते हैं, जो कि, अन्यथा दूर दराज क्षेत्रों में फैल नहीं पाते। इनमें से कुछ बीज तो ऐसे हैं जिनके लिए हॉर्नबिल की आंतों से गुजरना जरुरी होता है। इस प्रक्रिया के बिना बीजों को उगने में मुश्किल होती है। प्रजनन काल में मादा हॉर्नबिल पेड़ के कोटरों के अंदर अपने आपको बंद कर लेती हैं और महीनों तक अपने चूज़ों के साथ वहीं रहती हैं। इस दौरान उनके साथी भोजन लाने के लिए कई चक्कर लगाते हैं।*

# 'तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा पैसे लेकर संसद में सवाल पूछती हैं'

## भाजपा सांसद निशिकांत दूबे ने ''कैश फोर कॉशन'' के इस मामले में लोकसभा अध्यक्ष से शिकायत की तथा उस बिजनेसमैन का नाम भी उजागर किया

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने रविवार को टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर संसद में सवाल पूछने के लिए एक बिजनेसमैन से रिश्वत लेने का आरोप लगाया और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से उनके खिलाफ आरोपों की जांच के लिए एक जांच समिति गठित करने का आग्रह किया। मोइत्रा ने पलटवार करते हुए कहा कि वे लोकसभा अध्यक्ष द्वारा उनके (दुबे) खिलाफ लंबित आरोपों से निपटने के बाद उनके खिलाफ किसी भी कदम का स्वागत करती हैं।''

- **स्पीकर को लिखे अपने पत्र में, भाजपा सांसद दुबे ने कहा कि हाल तक लोकसभा में उनके द्वारा पूछे गए 61 में से 50 प्रश्न अडानी समूह पर केंद्रित थे। लेकिन असल में वे ये सारे प्रश्न अपने बिजनेसमैन मित्र हीरानंदानी की मदद के लिए पूछा करती थीं।**
- **पलटवार करते हुए, मोइत्रा ने एक्स पर कहा, ''मैं एक विश्वविद्यालय खरीदने के लिए अपनी सारी कमाई और उपहारों का उपयोग कर रही हूं, जिसमें निशिकांत दुबे अंततः एक वास्तविक डिग्री खरीद सकते हैं।''**

मोइत्रा और दुबे अपने अलग अंदाज के संसदीय भाषणों और एक-दूसरे पर आक्रामक हमलों के लिए जाने जाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में कई मुद्दों पर अक्सर एक-दूसरे से भिड़ते रहे हैं। रविवार को, निशिकांत दुबे ने स्पीकर बिरला को संसद में सवाल के लिए कैश लेने का मामला फिर से उभरना, गंभीर विशेषाधिकार के उल्लंघन, अवमानना के लिए संसद सदस्य (लोकसभा) महुआ मोइत्रा की सीधी संलिप्तता विषय के तहत पत्र लिखा। एक वकील से मिले पत्र का हवाला देते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि वकील ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और एक बिजनेसमैन के बीच रिश्वत के आदान-प्रदान के अहम सबूत साझा किए हैं।

निशिकांत ने लोकसभा अध्यक्ष को बताया कि दिल्ली के एक अधिवक्ता जय अनंत देहाद्रई ने पूरी पड़ताल की है, लोकसभा में महुआ की ओर से पूछे गए सवालों की लिंक अटैच की है और साथ ही यह भी बताया है कि पूछे गए सवाल किस तरह एक ही उद्योगपति के संबंधित थे।

रोचक पहलू यह भी है कि कुछ सवालों को अदाणी समूह से जोड़ा जाता था, जिसके खिलाफ महुआ के उद्योगपति मित्र हीरानंदानी की कंपनी संघर्ष कर रही होती थी। निशिकांत ने पूरी जांच कमेटी बिठाने और कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि फायरब्रांड छवि तैयार करने वाली सच्चाई में पैसे लेकर सवाल पूछने वाली निकलीं। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ संसद की अवमानना और विशेषाधिकार हनन है बल्कि दंड संहिता के 120 ए के तहत अपराध भी है।

पलटवार करते हुए, मोइत्रा ने एक्स पर कहा, ''मैं एक कॉलेज/विश्वविद्यालय खरीदने के लिए अपनी सारी कमाई और उपहारों का उपयोग कर रही हूं, जिसमें निशिकांत दुबे अंततः एक वास्तविक डिग्री खरीद सकते हैं।'' उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष को टैग करते हुए कहा, झूठे हलफनामे के लिए उनके खिलाफ जांच खत्म करें और फिर मेरी जांच समिति गठित करें। स्पीकर को लिखे अपने पत्र में, भाजपा सांसद दुबे ने कहा कि हाल तक लोकसभा में उनके द्वारा पूछे गए 61 में से 50 प्रश्न अडानी समूह पर केंद्रित थे। दुबे ने स्पीकर ओम बिरला से उनके खिलाफ आरोपों की एक जांच समिति गठित करने का आग्रह किया।

भाजपा सांसद ने आरोप लगाया कि इसमें रत्ती भर भी संदेह नहीं है कि महुआ मोइत्रा ने संसदीय प्रश्न पूछकर एक व्यवसायी - दर्शन हीरानंदानी - के व्यावसायिक हितों को हासिल करने और उनकी रक्षा करने के लिए आपराधिक साजिश रची है, जो 12 दिसंबर 2005 के कैश फॉर क्वेरी प्रकरण की याद दिलाती है। मोइत्रा ने सीधे तौर पर दुबे का नाम लिए बिना उन पर पलटवार करने के लिए एक्स पर कई संदेश पोस्ट किए और अडानी समूह पर ताजा हमला बोला।





# कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की भी पहली लिस्ट जारी की

## छत्तीसगढ़ से 30 उम्मीदवारों के नाम से पर्दा उठा, मु.मंत्री बघेल पाटन और उप. मु.मंत्री टी.एस सिंहदेव अंबिकापुर सीट से चुनाव लड़ेंगे

नयी दिल्ली, 15 अक्टूबर (वार्ता)। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल , उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव , विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज समेत 30 उम्मीदवारों की पहली सूची रविवार को जारी की। इसके अलावा कांग्रेस ने 119 सीटों वाले तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए 55 उम्मीदवारों की अपनी बहुप्रतीक्षित पहली सूची रविवार को जारी कर दी।

- **छत्तीसगढ़ की पहली सूची के मुताबिक कांग्रेस ने छः नये चेहरों पर दांव लगाया है तथा छः विधायक टिकट से वंचित किये गये हैं। इसके साथ ही पार्टी ने चार महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है।**
- **गौरतलब है कि, छत्तीसगढ़ विधानसभा की 90 सीटों के लिए दो चरणों में 7 और 17 नवंबर को चुनाव कराये जायेंगे तथा तीन दिसंबर को मतगणना होगी।**

कांग्रेस की पहली सूची में समेत राज्य के कुछ मंत्रियों तथा प्रमुख नेताओं के नाम शामिल हैं। बघेल पाटन और सिंहदेव अंबिकापुर सीट से चुनाव लड़ेंगे जबकि महंत सक्ती से उम्मीदवार होंगे। वहीं बैज चित्रकोट (सु) सीट से प्रत्याशी बनाये गये हैं। कांग्रेस ने राजनांदगांव सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के खिलाफ गिरीश देवांगन को चुनाव मैदान में उतारा है।

पहली सूची के मुताबिक कांग्रेस ने छह नये चेहरों पर दांव लगाया है वहीं छह विधायक टिकट से वंचित किये गये हैं। इसके साथ ही पार्टी ने चार महिलाओं को अपना उम्मीदवार बनाया है जिनमें डौंडीलोहारा (सु) से अनिला भेड़िया, खैरागढ़ से यशोदा वर्मा, डोंगरगढ(सु) से श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल और भानुप्रतापपुर (सु)

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दिल्ली एन.सी.आर. में भूकम्प के झटके

नयी दिल्ली, 15 अक्टूबर (वार्ता)। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रविवार को हल्के भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद में भूकंप के झटके महसूस किए गए। साथ ही हरियाणा के कई हिस्सों में भी धरती हिली। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.1 मापी गयी। भूकंप का केंद्र धरती की सतह से 19 किलोमीटर की गरायी में दिल्ली से 30 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित था। रविवार का दिन होने की वजह से लोग अपने घरों में ही थी और जैसे ही भूकंप के झटके महसूस किए गए, लोग घरों से बाहर निकल

- **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बीते 15 दिनों में दूसरी बार भूकम्प के झटके महसूस किये गये। रविवार को भूकम्प की तीव्रता 3.1 मापी गयी।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मध्यप्रदेश में कांग्रेस की 144 प्रत्याशियों की सूची जारी, कमलनाथ छिंदवाड़ा से मैदान में

## शारदीय नवरात्रि के पहले दिन कांग्रेस की ओर से रविवार सुबह मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी गई

भोपाल, 15 अक्टूबर (वार्ता)। शारदीय नवरात्रि के पहले दिन कांग्रेस की ओर से आज सुबह मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी गई, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को छिंदवाड़ा से प्रत्याशी बनाया गया है।

पार्टी की इस पहली सूची में 144 प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं। अधिकतर मौजूदा विधायकों की सीटों को यथावत रखा गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह को लहार से, पूर्व मंत्री जीतू पटवारी को राऊ, लाखन सिंह यादव को भितरवार, जयवर्धन सिंह को राघौगढ़ और कमलेश्वर पटेल को सिंहावल से प्रत्याशी बनाया गया है।

- **बुधनी विधानसभा सीट से पार्टी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने पिछले दिनों कांग्रेस में शामिल हुए टीवी अभिनेता विक्रम मस्ताल को चुनावी मैदान में उतारा है।**

बुधनी विधानसभा सीट से पार्टी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने पिछले दिनों कांग्रेस में शामिल हुए टीवी अभिनेता विक्रम मस्ताल को चुनावी मैदान में उतारा है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल चुरहट, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह अमरपाटन और डॉ हिना कांवरे लांजी से प्रत्याशी बनाई गई हैं। पूर्व मंत्री बाला बच्चन राजपुर (अजा) से, लखन घनघोरिया जबलपुर पूर्व (अजजा), तरुण भनोत जबलपुर पश्चिम, ओंकार सिंह मरकाम डिंडोरी (अजा), सुखदेव पांसे मुलताई, प्रियव्रत सिंह खिलचीपुर, हुकुम सिंह कराड़ा शाजापुर, सज्जन सिंह वर्मा सोनकच्छ (अजा), डॉ विजय लक्ष्मी सिंह साधौ महेश्वर (अजा), सचिन यादव कसारवद, उमंग सिंघार गंधवानी (अजजा) और सुरेंद्र सिंह बघेल कुक्षी (अजजा) से चुनावी मैदान में उतरेंगे। पार्टी ने भोपाल मध्य से मौजूदा विधायक आरिफ मसूद और नरेला से मनोज शुक्ला को प्रत्याशी बनाया है। वहीं इंदौर-एक से संजय

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# गगनयान मिशन का 21 अक्टूबर को ट्रायल होगा

चेन्नई, 15 अक्टूबर (वार्ता)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 21 अक्टूबर को गगनयान मिशन के हिस्से के रूप में पहले मानव अंतरिक्ष मिशन के क्रू मॉड्यूल एस्केप सिस्टम का परीक्षण करने के लिए अपनी पहली उड़ान प्रदर्शित करने की तैयारी में है।

इसरो प्रमुख एस.सोमनाथ के अनुसार इसरो के सबसे भारी रॉकेट एलवीएम-3 का उपयोग करके क्रू मॉड्यूल एस्केप सिस्टम का मानव रहित परीक्षण उड़ान मिशन श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष बंदरगाह से होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए तैयारी का काम चल रहा है। क्रू एस्केप सिस्टम के प्रदर्शन को प्रदर्शित करनेवाली फ्लाइट टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी-1) की तैयारी एसडीएससी-शार रेंज में पूरे जोरों पर है।

- **ट्रायल का उद्देश्य ''क्रू मॉड्यूल'' या वाहन के उस हिस्से का परीक्षण करना है जहां भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को रखा जाएगा।**

उन्होंने कहा कि पहला मानव रहित परीक्षण मिशन टीवी-डी1 21 अक्टूबर को होगा, जिसके बाद पहले मानव उड़ान मिशन से पहले सिस्टम का परीक्षण करने के लिए तीन और परीक्षण उड़ानें टीवी-डी-2, टीवी-डी-3 और टीवी-डी-4 होंगी।

केंद्रीय अंतरिक्ष, विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने पहले नयी दिल्ली में संवाददाताओं से कहा था कि गगनयान मिशन से पहले कई परीक्षण उड़ानों में से पहला - अंतरिक्ष में भारत का पहला मानव मिशन 21 अक्टूबर को होगा। परीक्षण का उद्देश्य 'क्रू मॉड्यूल' या वाहन के उस हिस्से का परीक्षण करना है जहां भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को रखा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अमेरिका को महसूस हो रही है फिलिस्तीन से 10 लाखों के पलायन की चुभन?

## राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि, हमें इस फैक्ट को नजरअंदाज़ नहीं करना चाहिए कि, फिलिस्तीन की बहुत बड़ी आबादी का हमास के हमलों से कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन वे इसका परिणाम भुगत रहे हैं

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। इजरायल और हमास के बीच जारी तनाव और युद्ध की स्थिति के कारण फिलिस्तीन से करीब 10 लाखों को पलायन करना पड़ रहा है। समान से लेकर जमीन और समंदर से भी इजरायल हमास को निशाना बना रहा है। इन हमलों के बाद फिलिस्तीन के लाखों लोगों ने पलायन शुरू कर दिया है। वहीं अमेरिका भी अपने नागरिकों को इजरायल से निकालने के लिए सोमवार यानी कल से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करने जा रहा है।

इसी बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का एक अहम बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि हमें इस फैक्ट को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए कि फिलिस्तीन की बहुत बड़ी आबादी का हमास के हमलों से कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन वे इसका परिणाम भुगत रहे हैं। अमेरिका के इस बयान से लग रहा है कि, फिलिस्तीन से लोगों के पलायन की चुभन अमेरिका को भी महसूस हो रही है।

राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि उन अमेरिकी परिवार के सदस्यों के बारे में पता लगाया जा रहा है, जिनके बारे में अभी भी कोई भी सुराग नहीं मिल सका है। हम ऐसे लोगों का पता लगाने और उन्हें घर लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। साथ ही कहा कि इस संकट के समय में अमेरिका इजरायल का समर्थन करने के लिए प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ लगातार संपर्क में है, क्योंकि वह खुद को आतंकवाद से बचाने के लिए लड़ रहे हैं।

- **तथापि, अमेरिका ने इस लड़ाई में खुलकर इजरायल का साथ देने की बात कही है। इन दोनों बयानों को सुनकर पहली नजर में यही लग रहा है कि, अमेरिका मानवाधिकारों का रक्षक होने का दिखावा भी करना चाहता है और अपने पुराने मित्र इज़रायल का साथी भी नहीं छोड़ना चाहता।**

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि इजरायल का समर्थन करने और सैन्य ताकतों को मजबूत करने के लिए वैश्विक नेताओं और क्षेत्रीय भागीदारों के साथ बातचीत का सिलसिला जारी है, गाजा में मानवीय संकट है। इसे लेकर लगातार चर्चा जारी है। देश और विदेश में अमेरिकी नागरिकों समेत यहूदी, अरब और मुस्लिम समुदायों को लेकर किसी भी संभावित खतरे की निगरानी की जा रही है।

अमेरिका ने ऐलान कर दिया है कि वह सोमवार से अपने नागरिकों का रेस्क्यू करेगा। इसके लिए अमेरिका स्पेशल जहाज भेजेगा। अमेरिकी दूतावास ने कहा कि अमेरिका ने सोमवार को अमेरिकियों को इज़राइल से साइप्रस ले जाने के लिए एक विमान की व्यवस्था की है। अमेरिकी दूतावास ने रविवार को एक अलर्ट जारी कर कहा कि इजरायल के गाजा पट्टी पर आक्रमण बढ़ने के बाद एक जहाज अमेरिकी नागरिकों और उनके परिवार के सदस्यों को एक लीगल डॉक्यूमेंट के साथ लेकर तुरंत लिमासोल के लिए हाइफा के इजरायली बंदरगाह से रवाना होगा।

दूतावास ने कहा कि इजरायल में हजारों अमेरिकी नागरिक रहते हैं। 7 अक्टूबर को हमास के हमलों में अमेरिका के 29 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की गई है, जबकि अन्य 15 लोग लापता हैं और माना जाता है कि वे हमलों के बाद से हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों में से हैं। अमेरिकी दूतावास ने ये नहीं बताया कि इस जहाज पर कितने लोगों को ले जाया जाएगा, लेकिन कहा कि बोर्डिंग सीमित स्थानों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मध्यप्रदेश में भाजपा को झटका

भिंड, 15 अक्टूबर (वार्ता)। पूर्व विधायक रसाल सिंह ने आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। वे भिंड जिले के रौन से चार बार विधायक बने थे। रसाल सिंह ने अपना त्यागपत्र भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया को भेज दिया है। बताया जा रहा है कि, लहार विधानसभा सीट से प्रत्याशी न बनाए जाने से वे नाराज चल रहे थे। गौरतलब है कि, मध्यप्रदेश भाजपा को एंटी इन्कमबैसी की बड़ी आशंका है इसी के चलते पार्टी ने कई मौजूदा विधायकों का टिकट काटने का मन बना लिया है।

- **चार बार के विधायक रसाल सिंह ने आज भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। वे भिंड जिले के रौन से चार बार विधायक बने थे।**